दौरा आयुक्त का दौरा, तंग गलियों में घूम लिया कार्यों का लिया जायजा,

जनता को स्वच्छ पेयजल, ड्रेनेज सिस्टम का मिले लाभ

जबलपुर। मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएं, ताकि जनता को निर्बाध और स्वच्छ पेयजल एव बेहतर ड्रेनेज सिस्टम का लाभ मिल सके। यह बातें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहीं। दरअसल शहर के विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ और गतिमान बनाने के उद्देश्य से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने जबलपुर शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ शहर में चल रहे और आगामी समय के लिए प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।

आयुक्त भोंडवे ने मालवीय चैक, सुपर मार्केट और लॉर्डगंज जैसे घने और तंग गलियों वाले व्यावसायिक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया, ताकि नागरिक सुविधाओं और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने शहर के प्रमुख जल स्त्रोतों और पर्यावरण परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और कठौंदा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत माढ़ोताल तालाब और रानीताल मुक्तिधाम का उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के साथ सघन दौरा किया और परियोजना पर विस्तारपूवर्क चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अमृत योजना के तहत शहर में प्रगतिरत सीवर लाइनों और जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा की।

कठौंदा में पौधरोपण

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आयुक्त संकेत भोंडवे ने कठौंदा एस.टी.पी. प्लांट परिसर में श्एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत गरिमापूर्ण तरीके से पौधा रोपण किया।

6 घंटे बैठक : जन-कल्याणकारी योजनाओं को मिलेगी गति

नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे की अध्यक्षता में गीता भवन के प्रेक्षागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में जबलपुर संभाग के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक की शुरुआत से पहले आयुक्त श्री भोंडवे ने सुबह के समय विभिन्न क्षेत्रों का मैदानी निरीक्षण कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इसके बाद दोपहर 3 बजे से शुरू हुई यह समीक्षा बैठक निरंतर रात्रि 9 बजे तक यानी पूरे 6 घंटे तक चली। इस सघन मंथन के दौरान गीता भवन परियोजना, अर्बन चैलेंज फंड, अधोसंरचनाएवं शहर के अन्य विकास कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी पी.एम. स्वनिधि योजना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अंतिम पंक्ति के हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय सीमा में पहुँचना चाहिए। इस बैठक में नगरीय प्रशासन के अपर आयुक्त शिशिर गेमावत, जबलपुर नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, प्रमुख अभियंता प्रदीप मिश्रा और संयुक्त संचालक परमेश जलोटे एवं सभी नगर निगमों, निकायों, नगर परिषदों और पंचायतों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हाईकोर्ट के जस्टिस विजय शुक्ला का विदाई समारोह आज

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विजय शुक्ला के गुरुवार 25 जून को सेवानिवृत्त होने से पूर्व बुधवार 24 जून को सायं 4.40 बजे उनके सम्मान में रजत जयंती आदर्श सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस शुक्ला ने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में पदस्थ रहते हुए बहुचर्चित भोजशाला जैसे महत्वपूर्ण प्रकरण में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता अमित जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया सहित अन्य न्यायमूर्ति उपस्थित रहेंगे। सभी न्यायमूर्ति विजय शुक्ला के न्यायिक योगदान और सेवाओं को स्मरण करेंगे। हाईकोर्ट बार ने अधिवक्ताओं व न्यायिक समुदाय के सदस्यों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी ने सभी अधिवक्ताओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर न्यायमूर्ति विजय शुक्ला के प्रति सम्मान व शुभकामनाएं व्यक्त करने का अनुरोध किया है।

करोड़ों का ट्रांजेक्शन : 36 थानों में तफ्तीश

ओमती में सर्वाधिक जाली खाते खुले, रांझी, अधारताल में एफआईआर की तैयारी

नवभारत, जबलपुर। म्यूल अकाउंट्स के जरिए करोड़ों की ठगी की रकम को खपाने वाले डेढ़ हजार खाते पुलिस ने चिन्हित कर लिए है। इन खातों की जांच शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस कर रही है। पांच सौ खातों से अधिक खातों के ट्रांजेक्शन का ब्यौरा खंगाला जा रहा है। शहर के 22 तो ग्रामीण अंचल के 14 थानों में म्युल खातों की तफ्तीश शुरू कर दी गई है। एक-एक खाते की जांच हो रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि जिसके नाम से खाता है, वह भी फर्जीवाड़े में शामिल है या उसे गुमराह कर खाता खुलवाया गया है। इसके बाद बैंकों के सहयोग से यह पता किया जा रहा है कि कहां से कब कितनी राशि आई और कहां ट्रांसफर की गई। इससे फर्जीवाड़े में कौन-कौन शामिल है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन फर्जी खातों के तार अफ्रीकी देशों सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय ठिकानों से जुड़ रहे है। ओमती थाने में सर्वाधिक जाली खातों की जांच लंबित है। जबकि रांझी, अधारताल थाने में जांचों ने रफ्तार पकड़ ली है और एफआईआर की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा अन्य थानों में भी जाली खातों की जांच पड़ताल चल रही है। जिन भी म्युल खातों की साइबर फ्रॉड में संलिप्तता पाई जाएगी, उनके खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ गिरफ्तारी की तैयारी की जा रही है। हालांकि जाली खातों की पहली एफआईआर केंट थाने में 13 जून को दर्ज हुई है। केंट पुलिस ने मिले इनपुट के आधार पर जब एसबीआई ब्रांच सदर के खाता धारक सुनील रजक व खाता धारक मोहित राय खाता के संबंध में जांच की तो पता चला था कि दोनों खाता धारकों व्दारा अपना उक्त बैंक खाता को प्रकाश राजपूत निवासी कटनी को बेचा था। पिन्टू राजपूत व्दारा बताया गया कि हिमांशु शर्मा निवासी कटनी के कहने पर सुनील रजक और मोहित राय से खाता खुलवाकर हिमांशु शर्मा को खाता व इनका एटीएम, सिम दिया था। जांच पर सुनील रजक, मोहित राय, प्रकाश उर्फ पिन्टू राजपूत और हिमांशु शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। इसके बाद से म्यूल अकाउंट्स की जांच तेज की गई है।

लालच देकर खुलवाए गए है खाते

मजदूरों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों को कमाई, बेरोजगारों को लोन, कमीशन का लालच देकर उनके खाते खुलवाए गए। ठगों ने उन्हें भरोसे में लेकर दस्तावेज ले लिए और खाता खुलवाने के लिए उनके मोबाइल नंबर का उपयोग किया था। उनसे ओटीपी लेकर ठगों ने खातों में अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराया और खुद खाते को संचालित किया। इसके बाद ठगी की रकम को जाली खातों से इधर-उधर किया गया है।

ठग ने 1.64 लाख खाते से उड़ाए

नवभारत, जबलपुर। केंट थाना अंतर्गत सदर निवासी एक वृद्ध के खाते से साइबर ठग ने 1 लाख 64 हजार रूपए निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार को श्याम लाल रजक 55 वर्ष निवासी गली नम्बर 11 सदर केण्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 3:30 बजे उसके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल से उसके खाता से 49 हजार 999 रूपये निकलने का मैसेज आया। उसका खाता यूनियन बैंक ऑफइंडिया सदर में है वह बैंक जाने के लिये निकला बैंक जाते समय उसके खाते से लगातार चार बार में कुल 1 लाख 64 हजार 845 रूपये निकलने का मैसेज आया, बैंक में जाकर बताया तो बैंक खाता फ्रीज कर दिया इस प्रकार उसके खाते से अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा आनलाईन धोखधड़ी कर 1 लाख 64 हजार 845 रूपये निकाल लिये।

शहर के चार दिग्गज शामिल, दो आमंत्रित सदस्य

भाजपा की नई प्रदेश कार्यसमिति बनी

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी की नई प्रदेश कार्यसमिति बनाई गई है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यसमिति, स्थायी आमंत्रित एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की है। प्रदेश कार्यसमिति में जबलपुर जिले से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, पूर्व महापौर डॉ स्वाति सदानंद गोडबोले, पूर्व विधायक श्रीमती नंदनी मरावी एवं स्थाई आमंत्रित सदस्य में विधायक अजय विश्नोई एवं डॉ जितेंद्र जामदार को शामिल किया गया गया। कार्यसमिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है। कार्यसमिति का गठन भाजपा के सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत के आधार पर किया गया है। जानकारी के अनुसार प्रदेश कार्यसमिति में भारतीय जनता पार्टी के संविधान के अनुसार 106 सदस्यों की कार्यसमिति का गठन किया गया है। 41 वरिष्ठ नेताओं को स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया गया हैं साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्यों में संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों को भी शामिल किया गया है। आगामी समय में आवश्यकता अनुसार चर्चा कर विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जायेंगे कार्यसमिति में 33 प्रतिशत महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया। कार्यसमिति में सभी वर्गों, समाजों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को शामिल करने का प्रयास किया गया।

हाईकोर्ट ने शेक्सपियर का हवाला देकर निरस्त की भरण-पोषण याचिका

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि पति से अंतरिम भरण-पोषण की मांग करने वाली महिला का आवेदन शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक मर्चेंट आफ वेनिस के उस प्रसंग जैसा है, जिसमें एक पाउंड मांस की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तुत आवेदन पति से एक पाउंड मांस ऐंठने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है, जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। दरअसल कोर्ट एक महिला द्वारा फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। फैमिली कोर्ट ने तलाक की लंबित कार्यवाही के दौरान अंतरिम भरण-पोषण और मुकदमे के खर्च की मांग खारिज कर दी थी।

डुमना एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती रखने की मांग

नवभारत, जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर जबलपुर एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर करने के प्रस्ताव को केंद्र से मंजूरी दिलाने का अनुरोध किया। इस दौरान उनके साथ परिवहन एवं स्कूली शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न तोमर, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी और चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। राकेश सिंह की कोशिशों से मध्य प्रदेश विधानसभा से यह प्रस्ताव पहले ही केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है।

पुलिस सिखाएगी साइबर ठगों से सुरक्षित रहने का मंत्र

आज से चलेगा 15 दिवसीय सेफ क्लिक-2026 अभियान

नवभारत, जबलपुर। डिजिटल दौर में पैर पसार रहे साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में जबलपुर जोन द्वारा आज से 8 जुलाई 2026 तक विशेष जन-जागरूकता अभियान सेफ क्लिक-2026 चलाया जाएगा। इस 15 दिवसीय अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीमें नागरिकों, युवाओं, दुकानदारों, व्यापारियों के बीच जाकर उन्हें डिजिटल सुरक्षा का पाठ पढ़ाएंगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग के नागरिक को डिजिटल ठगी के नए पैंतरे समझाना है। इसके लिए पुलिस टीमें सक्रिय रूप से स्कूल और कॉलेज पहुंचेगी। युवाओं और शिक्षकों को गेमिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग के प्रति सचेत किया जायेगा। इसके साथ ही बाजार और सार्वजनिक स्थल में पहुंचकर आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों को सुरक्षित डिजिटल पेमेंट के तरीके सिखाया जायेगा।

सावधान रहे, याद रखें सुरक्षा के मूल मंत्र

राज्य साइबर जबलपुर निरीक्षक नीलेश अहिरवार ने बताया कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध संदेश, फर्जी क्यूआर कोड या अनजान कॉल पर भरोसा न करें। ओटीपी, एटीएम पिन, पासवर्ड किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। साइबर अपराधी फर्जी ऑफर, इनाम, नौकरी,कम समय में अधिक लाभ कमाने के लिए निवेश और केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। बिना सत्यापन किसी भी लिंक पर क्लिक करना, व्हाटसअप के माध्यम से भेजे गए ऐप डाउनलोड करना या स्क्रीन शेयर करना आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।

अपने घर लौटने जैसा रहा अनुभव, बार से रिश्ता जीवन भर रहेगा : जस्टिस कौरव

जबलपुर। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और जबलपुर बार से उनका संबंध केवल पेशेवर नहीं, बल्कि आत्मीय व भावनात्मक है। यहां की यादें उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और अधिवक्ताओं से बना यह रिश्ता जीवन भर कायम रहेगा।

हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के सचिव अधिवक्ता निखिल तिवारी द्वारा मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल सहित अन्य के मार्गदर्शन में आयोजित अभिनंदन समारोह में जस्टिस कौरव ने बार को अपना घर बताया। उन्होंने कहा कि यहीं से उनके सार्वजनिक जीवन और कानूनी करियर को नई दिशा मिली। सिल्वर जुबली हॉल में आयोजित समारोह में बार पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनका सम्मान किया। इससे पूर्व उन्होंने हाई कोर्ट परिसर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन.पूजन कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की।

15 मिनट में लाखों के जेवरात और नगदी पार

नवभारत, जबलपुर। लार्डगंज थाना अंतर्गत पुष्पनगर कछपुरा में एक महिला सिर्फ 15 मिनट के लिए घर के दरवाजे पर बिना ताला लगाए सिर्फ कुंडी चढ़ाकर बाहर गई थी। इतने में शातिर चोर ने पलक झपकते ही घर के अंदर दाखिल होकर आलमारी का लॉकर तोड़ा और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी समेटकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, पुष्पनगर कछपुरा निवासी आरती दाहिया (42) यादव कॉलोनी में मकान का किराया देने गई थीं। घर से निकलते समय उन्होंने दरवाजे पर ताला नहीं लगाया था, सिर्फ कुंडी बंद की थी। करीब 15 मिनट बाद जब वह वापस लौटीं, तो कुंडी वैसी ही लगी मिली। अंदर जाने पर सामान भी व्यवस्थित था, जिससे उन्हें जरा भी शक नहीं हुआ। चोरी का खुलासा तब हुआ जब आरती के पति अजय दाहिया ने फोन कर कहा कि घर पर मिस्त्री आ रहा है, उसे पैसे दे देना। भुगतान करने के लिए आरती ने जैसे ही आलमारी खोली, उनके होश उड़ गए। आलमारी का मुख्य लॉक खुला हुआ था और अंदर का लॉकर बेरहमी से टूटा पड़ा था। पीड़िता ने जब लॉकर के अंदर देखा तो उसमें रखे सारे कीमती जेवरात और नगदी गायब थे। चोर ने नकद 50,000 रुपये सोने का एक हार, छह अंगूठियां, एक चेन, पांच बाले, और दो लोंग, चांदी की पायल और बिछिया पर हाथ साफ किया।

आयरन ओर में 53 और फ़ूड ग्रेन में 24 प्रतिशत की हुई वृद्धि

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल पर गुड्स ट्रैफिक एवं कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर मॉनिटरिंग एवं समय-समय पर विभिन्न बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग बढ़ाने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने मई माह 2026 में कुल 05.31 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग करते हुए 558 करोड़ 21 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। मई 2026 में विभिन्न कमोडिटी लोडिंग में पश्चिम मध्य रेल द्वारा लौह अयस्क (आयरन ओर) लोडिंग में 0.14 मिलियन टन माल लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 52.69 प्रतिशत अधिक है।

फ़ूड ग्रेन लोडिंग में 0.40 मिलियन टन माल लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 24.31 प्रतिशत अधिक है।

क्लिंकर लोडिंग में 1.03 मिलियन टन माल लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 19.31 प्रतिशत अधिक है।

ईंट के ढेर में छिपा था पांच फीट लंबा सांप

जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत चिकनी कुआं दुबे कालोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान में सुबह दस बजे जब मजदूर ईंटों के ढेर से ईंट उठा रहे थे कि अचानक उनकी नजर ढेर में छिपे सांप पर पड़ी तो वहां हड़कंप मच गया। स्थानीय सुरेंद्र कुमार व्यास की सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

पुणे-दानापुर अमृत भारत का नियमित संचालन 27 से

जबलपुर, नवभारत। रेलवे प्रशासन द्वारा पुणे एवं दानापुर के मध्य नई नियमित साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस रेलसेवा का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं जबलपुर मंडल से होकर संचालित होगी, जिससे मध्यप्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बिहार तथा महाराष्ट्र के लिए बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध होगा। यह नई रेलसेवा 27 जून से पुणे से तथा 29 जून से दानापुर से नियमित रूप से संचालित होगी।

ठहराव की जानकारी इस प्रकार है

गाड़ी संख्या 11431 पुणे-दानापुर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को पुणे स्टेशन से समय 3.35 बजे प्रस्थान कर पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर अगले दिन रविवार को इटारसी स्टेशन पर प्रातः 06.05 बजे, पिपरिया 07.08 बजे, नरसिंहपुर 08.08 बजे, जबलपुर 09.20 बजे, कटनी 10.45 बजे, मैहर 11.38 बजे, सतना 12.20 बजे पहुंचकर अपने गंतव्य स्टेशन दानापुर तीसरे दिन सोमवार को रात्रि 01.30 बजे पहुंचेगी ढ्ढ इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11432 दानापुर-पुणे अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को दानापुर स्टेशन से समय भोर में 03.30 बजे प्रस्थान कर पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत आने वाले सतना स्टेशन पर 1.10 बजे, मैहर 1.40 बजे, कटनी 2.23 बजे, जबलपुर 3.55 बजे, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी पहुंचकर अपने गंतव्य स्टेशन पुणे दुसरे दिन मंगलवार को सुबह 11.05 बजे पहुंचेगी ढ्ढ इस गाड़ी के प्रमुख ठहराव दौंड, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा है। ट्रेन के परिचालन से पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत क्षेत्र के यात्रियों को पुणे, भुसावल, जबलपुर, कटनी, प्रयागराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तथा दानापुर जैसे प्रमुख शहरों के लिए सीधा एवं सुविधाजनक रेल संपर्क उपलब्ध होगा।

पीएचडी में मदद, शादी का झांसा देकर लूटी अस्मत

सिवनी में शून्य पर कायमी के बाद जबलपुर में एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। सिवनी निवासी एक छात्रा को अतिथि शिक्षक ने पीएचडी में मदद करने और शादी करने का झांसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता की शिकायत पर सिवनी पुलिस ने शून्य पर मामला दर्ज कर डायरी जबलपुर भेजी थी, जिसके बाद विजय नगर थाना पुलिस ने असल एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रज्जन द्विवेदी वर्ष 2022 में जबलपुर के एक विश्वविद्यालय मेंअतिथि शिक्षक था। इस दौरान उसकी मुलाकात 38 वर्षीय छात्रा, निवासी सिवनी से हुई। छात्रा ने उच्च शिक्षा और पीएचडी करने की इच्छा जताई, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने मदद का भरोसा दिया। आरोपी ने छात्रा को विजय नगर थाना अंतर्गत दीनदयाल चौक स्थित एक होटल में मिलने बुलाया और जबरन दुराचार किया। इसके बाद चित्रकूट से पीएचडी कराने की बात कहकर आरोपी सिवनी में भी पीड़िता का शोषण करता रहा। शादी का लगातार वादा करने के बाद आरोपी अंत में अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने आपबीती बताते हुए सिवनी में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। घटनाक्रम जबलपुर का होने के कारण सिवनी पुलिस ने शून्य पर प्राथमिकी दर्ज की। केस डायरी विजय नगर थाना जबलपुर भेजी गई, जहां असल अपराध दर्ज किया गया।

इधर किशोरी से दुष्कर्म

लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी स्थित एक होटल में शादी का झांसा देकर युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार हनुमानताल निवासी 17 वर्षीय किशोरी की पहचान शुभम साहू नामक युवक से हुई थी। शुभम ने किशोरी को अपनी मीठी बातों से प्रेम जाल में फंसा लिया। इस दौरान उसने युवती के सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा, जिससे किशोरी उस पर भरोसा करने लगी। शादी का झांसा देकर आरोपी शुभम साहू बालिका को लार्डगंज थाना अंतर्गत यादव कॉलोनी स्थित एक होटल में लेकर पहुंचा। वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब किशोरी ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी की नीयत बदल गई। उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और पीड़िता को धोखा दे दिया। इसके बाद पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

उपलब्धि कलेक्टर ने बढ़ाया हौसला

जेईसी के छात्रों ने तैयार किया सर्विलेंस ड्रोन

जबलपुर। जब जुनून नया हो, सोच अलग हो और संसाधन सीमित हों, तब भी बड़े इनोवेशन जन्म ले सकते हैं। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने ऐसा ही कमाल कर दिखाया है। कॉलेज के छात्रों की टीम ने महज तीन हजार रुपए की लागत से सर्विलेंस ड्रोन तैयार किया है। खास बात यह है कि ड्रोन का वजन केवल 40 से 50 ग्राम के बीच है, इसमें 720 पिक्सल कैमरा क्वालिटी सपोर्ट करता है। इस प्रोजेक्ट को लेकर टीम ने जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से मुलाकात की। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने इन छात्रों के प्रयास की सराहना की और आगे भी ऐसे नवाचारों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इतना ही नहीं, प्रोजेक्ट को और बेहतर बनाने में हर संभव मदद और सहयोग का भरोसा भी उन्होंने दिया। इससे इस टीम का उत्साह और बढ़ गया है। प्रोजेक्ट लीड गुरशान सिंह भामरा ने बताया कि यदि इसकी फ्लाइट टाइम बढ़ा दी जाए, तो यह सुरक्षा और निगरानी के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। छात्रों के मुताबिक इस ड्रोन में माइक्रो कंट्रोलर्स, मोटर्स, वाई-फाई मॉड्यूल सहित कई जरूरी कंपोनेंट्स का उपयोग किया गया है। ड्रोन के लिए जरूरी कोडिंग भी टीम ने खुद की है। इसकी एक और खासियत यह है कि इसमें लगे प्रोपेलर्स भी 3डी प्रिंटेड हैं। यानी छात्रों ने सिर्फ ड्रोन असेंबल नहीं किया, बल्कि उसकी संरचना को भी अपनी जरूरत के अनुसार डिजाइन किया। टीम का कहना है कि ड्रोन का कॉम्पैक्ट साइज इसे और खास बनाता है। इसका छोटा आकार इसे ऐसी जगहों पर भी उपयोगी बना सकता है, जहां बड़े ड्रोन आसानी से नजर आ जाते हैं। कम वजन के बावजूद कैमरा सपोर्ट और कंट्रोल सिस्टम इसे एक मजबूत प्रोटोटाइप बनाते हैं। फिलहाल इसकी फ्लाइट टाइम सीमित है, क्योंकि टीम ने कम लागत में मॉडल तैयार करने पर फोकस किया था। अब अगला लक्ष्य इसकी उड़ान अवधि बढ़ाना है, ताकि इसे वास्तविक सर्विलेंस उपयोग के लिए और सक्षम बनाया जा सके।

बारात में चाकूबाजी, कटनी का युवक घायल

नवभारत, जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत पौड़ा में बारात में चाकूबाजी हो गई। अचानक वारदात से अफरा-तफरी मच गई जिसमें कटनी निवासी युवक घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सतीश चमार 18 वर्ष निवासी ग्राम गनियारी थाना पान उमरिया जिला कटनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 12-30 बजे पौड़ा सिहोरा निवासी रामजी चौधरी के यहां बारात में आया था बारात में गांव के आशीष चौधरी, सूरज चौधरी भी आये थे लगभग 1-30 बजे खाना खाकर पानी पीने गया था तभी आशीष चौधरी व सूरज चौधरी आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों विवाद करने लगे, आशीष ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर दी। सूरज चौधरी ने चाकू से हमलाकर दाहिने जांघ में चोट पहुंचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।